प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा पर आज 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओ ने लगाई संगम में डुबकी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वॉररूम से व्यवस्थाओं पर रखी नजर।**
2. **मुख्यमंत्री ने आज बागपत में 351 करोड़ रुपए की 181 योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– जिले में जल्द किया जायेगा मेडिकल कॉलेज का निर्माण।**
3. **लखनऊ का चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 1 मार्च से 15 जुलाई तक सुबह 10 से शाम 6 बजे तक विमानों की आवाजाही के लिए रहेगा बंद।**

**और**

4. **अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का आज पीजीआई लखनऊ में हुआ निधन : कल दोपहर 12 बजे दी जाएगी जल समाधि।**

---

**माघ पूर्णिमा के अवसर पर महाकुंभ में आज करीब दो करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। महाकुंभ में अब तक स्नान करने वालों का आंकड़ा 46 करोड़ के पार पहुंच गया है। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं को संगम तक पहुंचाने और पवित्र स्नान के बाद सुरक्षित वापसी के लिए प्रदेश सरकार ने विशेष व्यवस्था की है।*

*स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेलाक्षेत्र में वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले पर जरूरी सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। पिछले लगभग एक माह से महाकुंभ मेला क्षेत्र में बेहद सादगी और अनुशासन का पालन कर रह रहे कल्पवासी भी आज माघ पूर्णिमा के स्नान के साथ इस साधना का समापन कर रहे हैं। नॉर्वे के पूर्व मंत्री एरिक सोलहेम भी आज महाकुम्भ पहुंचे। उन्होंने इसे विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन करार दिया। इंटरनेशनल बॉक्सर मैरी कॉम ने भी आज मेला क्षेत्र में आयोजित श्खेल महाकुम्भ में हिस्सा लिया। इसके अलावा पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अनिल कुंबले ने भी माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघ पूर्णिमा के स्नान के दौरान अपने वॉररूम से व्यवस्थाओं की निगरानी की औऱ डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए हैं। पेश है एक रिपोर्ट–**

*माघ पूर्णिमा पर देश विदेश से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा ऑपरेशन चतुर्भुज के जरिए की गई। इसके अलावा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्पेशल टीम ने हाईटेक सेफ्टी सर्किल भी बनाया है जिसके जरिए कल देर रात से ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा, अपराध नियंत्रण और क्राउड मैनेजमेंट के हर पहलू पर नजर रखी जा रही है। यह टीम लगभग 2700 हाई–टेक कैमरों, एंटी–ड्रोन सिस्टम और विशेष सुरक्षा टीमों के जरिए हर गतिविधि परपैनी नजर रख रही है। इसके साथ ही एंटी–ड्रोन सिस्टम भी अलर्ट मोड में रखा गया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

**पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि सुरक्षा और भीड प्रबंधन में लगातार सुधार किया जा रहा है।**

उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से काम करने के सकारात्मक नतीजे मिल रहे हैं। बाइट.....

*प्रबंधन की एक टेक्नीक है कि बिल्ड बैक बेटर मतलब पहले से और बेटर करें। कम्युनिटी का फीडबैक इनक्लूड करके हम चीजों को और बेहतर बनाएं। हम लोगों ने लखनऊ में भी एक वार रूम बना रखा है जहां से लाइव फीड हम प्रयागराज क्षेत्र का ले रहे हैं लगभग ढाई हजार से अधिक कैमरे एक्टिव हैं उन सभी का लाइव फीड हमारे आई ट्रिपल सी जो प्रयागराज में है, वहां जाता है और यहां भी देखा जाता है। वहां एक काफी सीनियर आईपीएस ऑफिसर को प्रभारी बनाया गया है। जो प्रबंधन किये गये उसका ये सुखद परिणाम है कि चीजें बहुत ही व्यवस्थित और सुनियोजित तरीके से भीड़ होने के बावजूद चीजें चल रही हैं।*

————————

महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज पहुंच रहे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम लगभग 3 हजार आरक्षित बसों के अलावा 1 हजार दो सौ अतिरिक्त बसों का संचालन कर रहा है। श्रद्धालुओं के लिए बने चार अस्थाई बस स्टेशनों से हर 10 मिनट में रोडवेज बस उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं महाकुम्भ के नजदीक के स्थानों तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने के लिए 750 शटल बसें भी लगाई गई हैं।

————————

प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में भी माघ पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु पवित्र नदियों में डुबकी लगा रहे हैं। वाराणसी में गंगा स्नान के लिए उमड़ी भीड़ के सुरक्षित स्नान करने के लिए जल पुलिस, एनडीआरफ और पुलिस की तैनाती की

गई है। साथ ही ड्रोन कैमरों से निगरानी भी की जा रही है। अयोध्या में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन के साथ सरयू में पावन स्नान कर रहे हैं। फर्रुखाबाद और अमरोहा के गंगा धाम तिगरी में आसपास के जनपदों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह की जयंती पर आज बागपत में 351 करोड़ रुपए की 181 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी उपस्थित रहे। छपरौली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बागपत के औद्योगिक विकास के लिए दिल्ली–बागपत– देहरादून एक्सप्रेस–वे के पास एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निर्माण का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने जिले में एक नए मेडिकल कॉलेज के जल्द निर्माण की घोषणा भी की।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ हो आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संत रविदास की 648वीं जयंती पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत रविदास ने हमेशा कर्म को महत्व दिया। श्री योगी ने कहा कि कर्म को महत्व देकर ही हम भी विकसित भारत की कल्पना को साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप डबल इंजन की सरकार ने संत रविदास की जन्मभूमि का विकास किया है। बाइट.....

*हमने सद्गुरु रविदास जी महाराज की पावन जन्म भूमि सीर गोवर्धन काशी में प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन के रूप वहां पर भव्य स्वरूप दे दिया वहां यात्री विश्रामालय बना दिया। सद्गुरु रविदास जी महाराज की भव्य प्रतिमा रखवा दी गई। पार्क का निर्माण कर दिया, फोर लेन की कनेक्टिविटी दे दी, यानी सत्रह के पहले वहां सिंगल लेन की सड़क थी। आज वहां पर फोर लेन के साथ जोड़ दिया गया जिससे इस पूज्य सत की यह जन्मभूमि काशीवासी ताकत के धन्य धन्य है और उसके साथ जोड़कर के देश और दुनिया को हम आकर्षित कर सकें।*

संत रविदास की जन्मस्थली वाराणसी के सीर–गोवर्धनपुर में उनकी जयंती उत्साह के साथ मनाई गई।

——————————

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह गने आज ग्रेटर नोएडा में भारत टेक्स 2025 के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि यह एक्सपो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। बाइट.....

*मेरा सौभाग्य है कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पहली वर्षगांठ हम मना रहे हैं भारत टैक्स का ट्रेड फेयर का लेकिन ये दुनिया का सबसे बड़ा भारत टैक्स बन रहा है क्योंकि पिछली बार तीन हज़ार आए थे बाहर से विदेशी मेहमान खरीददार आज छह हज़ार के लगभग में आए है ये बताता है कि दुनिया का सबसे बड़ा टेक्सटाइल का ट्रेड फेयर भारत टैक्स बन चुका है।*

——————

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को 1 मार्च से 15 जुलाई तक सुबह 10 से शाम 6 बजे तक विमानों की आवाजाही के लिए बंद रखा जाएगा। हवाई अड्डे के प्रबंधक ने बताया कि रनवे के री– कारपेटिंग कार्य के चलते विमानों का परिचालन बंद रखा जायेगा। इस दौरान हवाई अड्डा प्रबंधन सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने और यात्रियों और एयरलाइनों को सुविधा के लिए एक व्यापक योजना को लागू करेगा।

——————

अयो़ध्या में श्रीरामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का आज लखनऊ स्थित पीजीआई में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

उनके निधन पर दुख जताया है। श्री दास पिछले 34 वर्ष से रामलला की सेवा कर रहे थे। उनके पार्थिव शरीर को अयोध्या स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। कल दोपहर 12 बजे उन्हें जल समाधि दी जाएगी। श्री दास के करीबी टिल्लू बाबा ने उनके निधन को परिवार और संत समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है।

———————

जानी–मानी फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने आज छात्रों से विफलता के डर की चिंता किए बिना अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी कमजोरियां दूर करने का आग्रह किया। सुश्री पादुकोण परीक्षा पे चर्चा–2025 के दूसरे भाग के दौरान आज छात्रों के साथ बातचीत कर रही थी।

———————

38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश की हॉकी टीम ने आज हरिद्वार में खेले गए सेमीफाइनल मं पंजाब को 5–3 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बना ली है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश 49 पदकों के साथ दसवें स्थान पर पहुंच गया है। इनमें 13 स्वर्ण 17 रजत और 19 कांस्य पदक शामिल हैं।

(समाप्त)